an>

Title: Need to ensure adequate supply of water from Par-Tapi-Narmada Link project to North Maharashtra.

श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण (डिंडोरी) ः महाराष्ट्र और गुजरात राज्य में पार-तापी-नर्मदा लिंक हो रही है। पार नदी मेरे क्षेत्र डिंडोरी में आती है। इस संबंध में राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण, नई दिल्ली ने एक रिपोर्ट 25 अगस्त, 2015 को आगे कार्रवाई के लिए महाराष्ट्र शासन को भेजी थी। आगे यह रिपोर्ट सखोल छाननी के लिए महाराष्ट्र शासन ने पत्र क्र. संकीर्ण 2015(352/2015)/जसंअ/दि.08/09/2015 से महाराष्ट्र अभियांत्रिकी संशोधन संस्थान मेरी नासिक भेजी है और उनको सूचना दी गयी है कि मुख्य अभियंता, कोंकण प्रदेश, मुंबई, मुख्य अभियंता, तापी पाठबंधारे महामंडल जलगांव मुख्य अभियंता, उत्तर महाराष्ट्र प्रदेश, नासिक से चर्चा करें और सुझाव दें।

इस योजना के अंतर्गत 1843 मिलियन घन मीटर पानी (महाराष्ट्र पानी की हिस्सेदारी 813 मिलियन घन मीटर पानी और गुजरात का 1029 मिलियन घन मीटर) उपलब्ध होता है। पार-तापी-नर्मदा लिंक से उत्तर महाराष्ट्र को अधिक से अधिक पानी मिलना चाहिए। वर्तमान समय में उत्तर महाराष्ट्र में व्याप्त सूखे से लोगों का विशेषकर किसानों का जीवन काफी दयनीय हो गया है और उनके रोज़गार में कमी हो गई है। पार-तापी-नर्मदा लिंक से उत्तर महाराष्ट्र को काफी राहत मिलेगी।

सरकार से अनुरोध है कि पार-तापी-नर्मदा लिंक योजना की अब तक की स्थिति क्या है और महाराष्ट्र को कितना पानी मिलने वाला है और उत्तर महाराष्ट्र को पार-तापी-नर्मदा लिंक योजना अधिक से अधिक पानी दिलाए।